# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## प्रेस निविदा सूचना

**प्रेस नोटिस/एनआईटी सं. 03/ई.ई./आरपीडी–7/06–07**

निम्नलिखित कार्यों के लिए, नीचे दी गई शर्तें पूरी करने वाली प्रख्यात फर्मों/ठेकेदारों से नीचे उल्लिखित तारीखों में दोपहर 3:00 बजे तक दो भागों अर्थात तकनीकी मूल्यांकन और वित्तीय बोली में मोहरबन्द मद दर कम्पोजिट/निविदाएं पुनः आमंत्रित की जाती है, तकनीकी बोली उसी दिन दोपहर 3:30 बजे इच्छुक क्रेताओं और/या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधिशासी अभियन्ता, आरपीडी–7, दि.वि.प्रा. रोहिणी परिसर, सैक्टर–3, दीपाली चौक के पास दिल्ली–110085 स्थित कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्रम सं. | डिवीज़न का नाम और पता एन.आई.टी. नं० | कार्य का नाम | कम्पोजिट कार्य की अनुमानित लागत<br>बयाना राशि<br>निविदा लागत | बिक्री की अन्तिम तारीख<br>खोलने की तारीख<br>अनुमत समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ई.ई./आर.पी.डी.–7/डी.डी.ए/रोहिणी कार्यालय परिसर सैक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली–110085 एन.आई.टी. नंबर 3/ई.ई./आर.पी.डी.–7/डी.डी.ए.–2006–07 | पॉकेट–जी एच–1, सैक्टर–29, रोहिणी, फेज–IV में नि.आ.व. के 1800 मकानों का निर्माण<br>उपशीर्ष: ग्रुप V, पॉकेट– जी.एच–I , सैक्टर–29, फेज IV , रोहिणी में नि.आ.व के 480 मकानों का निर्माण, तथा पाइल फाउण्डेशन, आंतरिक विकास एवं आंतरिक विद्युतीकरण | रु० 14,39,71,551/–<br>रु० 28,79,431/–<br>रु० 5,000/–<br>सिविल कार्य की लागत<br>रु० 13,86,37,443/–<br>विद्युत कार्य की लागत<br>रु० 53,34,108/– | 11.10.07<br>15.10.07<br>24 महीने |

**(क)** जो फर्म, 31 अगस्त, 2007 को समाप्त जिस महीने में निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं, उस महीने से पिछले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त पिछले 7 (सात) वर्षों के दौरान समतुल्य प्रकृति के कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है।

(i) निविदा की अनुमानित लागत की न्यूनतम 40% की समकक्ष राशि की लागत के तीन समतुल्य कार्य पूरे किए हों (इनमें से एक कार्य केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय स्वशासी निकाय/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हो)। या

(ii) निविदा में दिए गए कम्पोजिट कार्य की अनुमानित लागत की न्यूनतम 50% की समकक्ष राशि की लागत के दो समतुल्य कार्य पूरे किए हों। या

(iii) कम्पोजिट कार्य की अनुमानित लागत की न्यूनतम 80% की समकक्ष राशि की औसत लागत का एक समतुल्य कार्य पूरा किया हो।

**(ख)** 31 मार्च, 2007 को समाप्त पिछले 3 वर्षों के दौरान कम्पोजिट कार्य की अनुमानित लागत का कम से कम 30% औसत वार्षिक वित्तीय टर्न–ओवर कार्य के निर्माण पर रहा हो (चार्टरित लेखाकार द्वारा विधिवत लेखा–परीक्षित)।

**(ग)** कम्पोजिट कार्य की अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि की बैंक (ऋण) शोध–क्षमता हो।

**(घ)** 31 मार्च, 2007 को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान दो से अधिक वर्ष कोई हानि नहीं हुई हो।

**(ङ)** किसी एजेंसी द्वारा पूरे किए गए संबंधित कार्यों की लागत, वर्तमान लागत के समान लाने के लिए उस वित्त वर्ष जिसमें वह विशेष कार्य पूरा किया गया है, उसके प्रत्येक परवर्ती वर्ष 5% उपयुक्त रूप में बढ़ा दी जाएगी। एजेंसियों के टर्न ओवर के संबंध में भी वृद्धि समान लाइन पर प्रभावी होगी।

**(च)** अन्य सांविधिक करों/लेवी के अतिरिक्त दिल्ली वैल्यू ऐडेड टैक्स के अंतर्गत कुल भुगतान में 2% टी.डी.एस वसूल किया जाएगा।

**(छ)** तथापि ठेकेदारों को, सम्बन्धित विभाग का भुगतान प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर सेवा प्रभार, जहां लागू हो, की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

निविदा दस्तावेज निविदा–लागत (अप्रतिदेय) का भुगतान करके किसी भी कार्य–दिवस को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00बजे के बीच ई.ई./आर.पी.डी.–7 के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। ठेकेदार दिल्ली वैल्यू एडिड टैक्स अधिनियम 2004 के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के विक्रय कर/वैट विभाग के कार्य ठेका कक्ष में पंजीकरण का वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। उक्त कक्ष द्वारा निविदा दस्तावेजों से पहले जारी विक्रय कर/वैट का कर निपटान प्रमाण पत्र उसे बेचा जा सकता है। इच्छुक निविदादाता–निविदा के लिए आवेदन पत्र देने में पहले दि.वि.प्रा. के उक्त कार्यालय में निविदा–दस्तावेज देख सकते हैं। निविदा फार्मों की बिक्री, निविदा दस्तावेज खोलने की निर्धारित तारीख से चार दिन (निविदा खोलने की तारीख सहित) पहले बन्द कर दी जाएगी। आवेदक द्वारा दी गई कोई सूचना यदि बाद में किसी चरण पर गलत पाई जाती है तो उसे दि.वि.प्रा. में निविदा देने और कार्य लेने से वंचित कर दिया जाएगा। विभाग, आवेदकों द्वारा पूरे किए गए कार्यों का निरीक्षण करने सहित उनके द्वारा दिए गए विवरणों का स्वतंत्र रूप से सत्यापन करने का अधिकार रखता है।

**कृपया डी.डी.ए. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें अथवा 42895566 डायल करें**